# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 04.04.2026 समय : 0705

<><><><><><><><>

1. केन्द्र सरकार ने देश में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की पर्याप्त उपलब्धता का आश्वासन दिया है।
2. द्वीप समूह में जनगणना– 2027 के तहत मकान सूचीकरण 16 अप्रैल से जबकि जनसंख्या गणना फरवरी–2027 में आयोजित होगी।
3. समुद्री संसाधनों के संरक्षण और समुद्री सुरक्षा को देखते हुए मत्स्य विभाग ने मछली पकड़ने पर अस्थायी प्रतिबंध लागू किया गया है।
4. सर्फिंग महोत्सव को देखते हुए जहाजरानी सेवा निदेशालय ने विशेष यात्राओं के प्रबंध किए है।

<><><><><><><><>

सरकार ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से एलपीजी और अन्य पेट्रोलियम उत्पादों की जमाखोरी और कालाबाजारी को रोकने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने को कहा है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के सचिव डॉ. नीरज मित्तल ने इस संबंध में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को पत्र लिखा है। सचिव ने कहा कि कुछ क्षेत्रों में अफवाहें और गलत सूचनाएँ फैलती जा रही हैं, जिससे लोग अनावश्यक चिंता और घबराहट में खरीदारी कर रहे हैं। डॉ. मित्तल ने कहा कि वर्तमान में केवल 17 राज्य और केंद्र शासित प्रदेश ही नियमित या समय–समय पर प्रेस ब्रीफिंग कर रहे हैं। उन्हें सोशल और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से सटीक जानकारी का समय पर प्रसार सुनिश्चित करने और नियमित जनसंचार बढ़ाने को कहा गया

है। मंत्रालय ने कहा कि सभी रिफाइनरियां उच्च क्षमता पर काम कर रही हैं, कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार है और पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त स्टॉक मौजूद है।

<><><><><><><>

संसद ने जन विश्वास (प्रावधान संशोधन) विधेयक, 2026 पारित कर दिया है। इस विधेयक के माध्यम से देश भर में कानून लागू करने के तरीके में महत्वपूर्ण बदलाव आएंगे। इस नए कानून का उद्देश्य अनावश्यक जुर्माना कम करके और नियमों को सरल बनाकर व्यवसायों और नागरिकों के लिए जीवन आसान बनाना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि जन विश्वास (प्रावधान संशोधन) विधेयक 2026 के पारित होने से देश में जीवन–यापन और व्यापार सुगमता को बढ़ावा मिलेगा। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा जन विश्वास विधेयक के माध्यम से पहली बार 79 अधिनियमों के अंतर्गत एक हजार प्रावधानों को अपराध की श्रेणी से बाहर किया गया है।

<><><><><><><>

देश भर में जनगणना 2027 दो चरणों में आयोजित की जाएगी। प्रथम चरण में मकान सूचीकरण और आवास गणना कर परिवारों के पास उपलब्ध संपत्तियों और सुविधाओं से संबंधित डेटा और द्वितीय चरण में जनसंख्या गणना की जाएगी। द्वीप समूह में मकान सूचीकरण 16 अप्रैल से 15 मई और जनसंख्या गणना फरवरी, 2027 में आयोजित की जाएगी। 'डिजिटल इंडिया' के तहत, डेटा संग्रह की गुणवत्ता और दक्षता बढ़ाने के लिए डिजिटल तकनीक का उपयोग किया जाएगा। आम जनता के लिए एक समर्पित वेब पोर्टल se.census.gov.in के माध्यम से स्व–गणना का प्रावधान किया गया है। यह पोर्टल 15 अप्रैल तक खुला रहेगा।

<><><><><><><>

उद्योग निदेशालय के तहत संचालित अंडमान निकोबार एम्पोरियम – सागरिका के सभी आउटलेट वार्षिक स्टॉक सत्यापन और सॉफ्टवेयर अपडेट के कारण आज से छः अप्रैल तक बंद रहेंगे। इसमें मिडिल प्वाइंट, वीर सावरकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, सेल्यूलर जेल, राधानगर स्थित आउटलेट शामिल है। इस अवधि के दौरान इन सभी केंद्रों पर व्यावसायिक कामकाज और परिचालन पूरी तरह से निलंबित रहेगा।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार प्रशासन भारतीय समुद्री विश्वविद्यालय, चेन्नई में स्नातक पाठ्यक्रमों में स्थानीय उम्मीदवारों के लिए आरक्षित 7 सीटों पर प्रवेश के लिए सामान्य प्रवेश परीक्षा आयोजित करेगी। 6 मई को सुबह दस बजे से डॉ. बी. आर. अंबेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान में आयोजित होने वाली इस परीक्षा में उम्मीदवार की आयु 17 से 25 वर्ष के बीच होनी चाहिए। आवेदन प्रपत्र 20 अप्रैल तक डीब्रेट के समुद्री विभाग में उपलब्ध रहेगा। पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन पत्र 20 अप्रैल शाम तीन बजे तक जमा किए जा सकते है। प्रवेश पत्र 22 से 27 अप्रैल तक शाम चार बजे तक जारी किए जाएंगे।

<><><><><><><>

समुद्री संसाधनों के संरक्षण और समुद्र में सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मत्स्य विभाग ने मछली पकड़ने पर वार्षिक प्रतिबंध लागू किया गया है। भारतीय विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र में प्रादेशिक जल सीमा से बाहर सभी मछली पकड़ने वाले जहाजों पर यह प्रतिबंध लागू रहेगा। द्वीप समूह में यह प्रतिबंध 15 अप्रैल से 14 जून तक कुल 61 दिनों के लिए प्रभावी रहेगा। पारंपरिक गैर–मशीनीकृत नौकाओं को इस प्रतिबंध से छूट दी गई है। विभाग ने सभी मछुआरों से अपील की है कि वे निर्धारित अवधि

का सख्ती से पालन करें, ताकि मत्स्य संसाधनों का संरक्षण सुनिश्चित किया जा सके और समुद्र में सुरक्षा बनी रहे।

<><><><><><><>

पर्यटन निदेशालय, लिटिल अंडमान में सर्फिंग महोत्सव का आयोजन करेगा। नौ से बारह अप्रैल तक चलने वाले इस उत्सव का उद्देश्य द्वीप समूह को जलक्रीड़ा और साहसिक पर्यटन एडवेंचर के एक प्रमुख केंद्र के रूप में बढ़ावा देना है। प्रतिभागियों और पर्यटकों की सुविधा के लिए, जहाजरानी सेवा निदेशालय ने एम वी नालंदा और एम वी कालीघाट की विशेष यात्राओं का प्रबंध किया है। एम वी नालंदा छः अप्रैल को रात नौ बजे श्री विजयपुरम से लिटिल अंडमान जाएगा। इसके अलावा यह जहाज आठ, दस और बारह अप्रैल को सुबह आठ बजे लिटिल अंडमान के लिए छूटेगा। एमवी कालीघाट ग्यारह अप्रैल को सुबह आठ बजे श्री विजयपुरम से लिटिल अंडमान जाएगा। इस यात्रा के लिए टिकट विभाग के ई–टिकटिंग पोर्टल के माध्यम से बुक कर सकते हैं। यात्रियों की सुविधा के लिए पोर्टल का क्यू आर कोड भी उपलब्ध कराया गया है। टिकट स्टार्स टिकटिंग काउंटर से भी सुबह नौ बजे से शाम चार बजे तक और शनिवार को सुबह नौ बजे से दोपहर बारह बजे तक जारी किए जाएंगे।

<><><><><><><>

जहाजरानी सेवा निदेशालय की ओर से एमवी स्वराज द्वीप, एमवी कैंपबेल बे और एम वी नालंदा के संभावित यात्रा कार्यक्रम में संशोधन किया गया है। अब एमवी स्वराज द्वीप श्री विजयपुरम से 9 अप्रैल, 14 मई और 7 जून को चेन्नई, जबकि 25 अप्रैल, 3 व 26 मई और 19 जून को विशाखापत्तनम के लिए रवाना होगा। उधर, एम वी नालंदा 2 मई को ननकौड़ी और कैम्पबेल बे होते हुए चेन्नई और 16 मई को

मायाबंदर होते हुए कोलकाता के लिए प्रस्थान करेगा तथा एम वी कैम्पबेल बे 17 जून को ननकौड़ी और कैम्पबेल बे होते हुए चेन्नई जाएगा।

<><><><><><><>

मास्टर वेटरन टेबल टेनिस चैंपियनशिप और चयन ट्रायल के समय में संशोधन किया गया है। 11 और 12 अप्रैल को आयोजित होने वाला यह चैम्पियनशिप अब 6 अप्रैल को आयोजित होगा। प्रतियोगिता में 40 से 75 वर्ष से अधिक आयु वर्ग की श्रेणी में पुरुष और महिलाएं भाग ले सकती है। चयनित खिलाड़ी 24 अप्रैल से 4 मई तक पुणे में आयोजित होने वाले 32वें नेशनल मास्टर टेबल टेनिस चैंपियनशिप में द्वीपों का प्रतिनिधित्व करेंगे। इच्छुक खिलाड़ी अपनी प्रविष्टियाँ कल तक गूगल फॉर्म के माध्यम से राज्य ओलंपिक संघ में जमा कर सकते हैं। पंजीकरण लिंक एसोसिएशन के व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से साझा किया जाएगा।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार पुलिस की ओर से पुलिस फायरिंग रेंज, प्रातरापुर में छोटे हथियारों के फायरिंग अभ्यास और टियर स्मोक म्यूनिशन का प्रदर्शन किया जाएगा। यह अभ्यास 7, 9 और 11 अप्रैल को सुबह 6 बजे से दोपहर 1 बजे तक किया जाएगा। इस दौरान क्षेत्र के सभी नागरिकों से स्वयं को तथा अपने पालतू पशुओं को फायरिंग रेंज से दूर रखने को कहा गया है।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज, देहरादून में जनवरी 2027 सत्र की प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि को बढ़ाकर अब 15 अप्रैल कर दिया गया है।

<><><><><><><>